an>

Title: Need to ensure construction of overbridge at Bokaro Thermal, Jharkhand as per specified norms and standards.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) ः दामोदर वैली कॉरपोरेशन के बोकारो थर्मल झारखंड में 134 करोड़ रूपये की लागत से ओवरब्रिज निर्माण परियोजना का कार्य शुरू हो गया है, जो झारखंड की जनता विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है, परन्तु इस परियोजना के निर्माण कार्य की गुणवत्ता, अत्यन्त खराब होने कारण क्षेत्र की जनता द्वारा आशंका व्यक्त की जा रही है, कि निर्माण कार्य से पूर्व ओवरब्रिज निर्माण कार्य ध्वस्त हो सकता है। निर्माण कार्य निविदा के एनआईटी और अन्य कागजातों के अनुसार नहीं हो रहा है। इस निर्माण कार्य में निम्न स्तर का छड़ (सरीया), सीमेंट और निर्माण सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे कार्यों से क्षेत्र की जनता को इस विकास कार्य से नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

सरकार से मेरा निवेदन होगा कि निर्माण कार्य की जांच विशेषज्ञ समिति से कराने की कृपा की जाए ताकि इस क्षेत्र की जनता को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य का लाभ मिल सके।